# घर का दौरा


## अधिक जोखिम की संभावना वाले शिशुओं के लिए



यदि संभव हो तो एक हफ्ते तक प्रतिदिन बच्चे को देखने जाएं। शिशु के २८ दिन के होने तक हर तीन दिन में एक बार देखने जाएं। यदि शिशु में सुधार हो तो ४२ दिन पर जाकर देखें । माँ को सलाह दे की वह शिशु को गर्म रखें तथा प्रत्येक २ घंटे में स्तनपान कराएं ।




७, १५, २१, २८, ४२ दिन पर शिशु का वजन लें।




बच्चे का वजन यदि नहीं बढ़ रहा हो और २३०० ग्राम से कम हो तो बच्चे को किसी अस्पताल ले जाने का सुझाव दें। शिशु की २ महीने की उम्र तक हफ्ते में एक बार देखने जाएं तथा हर बार उसका वजन लें।



अधिक जोखिम वाले शिशु के लिए घरों के दौरे का फॉर्म भरना न भूलें।



शिशु के २ वर्ष का होने तक उसे और माँ को घर जाकर देखना जारी रखें।